नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0,
लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

विज्ञापन

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन विभिन्न इकाईयों में निम्नलिखित रिक्तियों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु भारत के नागरिकों से दिनांक 15 सितम्बर, 2017 तक आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्रमांक	पदनाम	नियत मासिक पारिश्रमिक	रिक्तियों का विवरण				पद के लिए विहित अर्हता एवं अनुभव
			सामान्य	अनु0 जाति	अनु0 जन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	
1	लेखाकार/कैशियर	30180/-	01	-	-	-	अर्हता- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त वाणिज्य में कोई उपाधि। अनुभव-लेखा कार्य/रोकड़ रख-रखाव (कैश हैंडलिंग) में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।
2	द्विभाषी आशुलिपिक सह टंकक	31,125/-	01	-	-	-	(1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (2) हिन्दी आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी आशुलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट और हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति होना आवश्यक है। (3) कम्प्यूटर चलाने का ज्ञान।
3	तकनीशियन	22730/-	01	01	-	01	बेसिक वायुयान अनुरक्षण अभियांत्रिकी लाइसेन्स जिसमें आर0ए0/एच0ए0 और जे0ई0 या ई0एस0, आई0एस0, आर0एन0 भी आच्छादित हो और न्यूनतम दो वर्ष का उड्डयन कार्य का अनुभव होना आवश्यक है। या प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश का मेकेनिकल या इलेक्ट्रिकल या एयरोनाटिकल या इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई डिप्लोमा और डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् न्यूनतम दो वर्ष का उड्डयन का कार्यकारी अनुभव होना आवश्यक है। या महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त वायुयान अनुरक्षण अभियांत्रिकी/वायुयान रेडियो अनुरक्षण अभियांत्रिकी में तीन वर्षीय डिप्लोमा और डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् न्यूनतम दो वर्ष का उड्डयन का कार्यकारी अनुभव होना आवश्यक है। या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी

							विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान और गणित के साथ विज्ञान में स्नातक उपाधि और न्यूनतम तीन वर्ष का उड्डयन का व्यावहारिक अनुभव होना आवश्यक है। या माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से विज्ञान के साथ हाई स्कूल की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण हो या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से किसी अभियांत्रिकी व्यवसाय में प्रमाण पत्र हो तथा नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश या किसी अन्य वायुयान अनुरक्षण और मरम्मत संगठन में हेल्पर के रूप में छः वर्ष का अनुभव हो।
4	चौकीदार/चपरासी/कुक/वेटर/संदेश वाहक आदि।	16070/-	-	-	-	01	(1) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विद्यालय से कक्षा-5 या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (2) साइकिल चलाना आना आवश्यक है।

<u>सामान्य निर्देशः-</u>

1. अभ्यर्थी की आयु पहली जुलाई 2017 को 18 वर्ष से कम और 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उच्चतर अर्हता/अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के लिये ऊपरी आयु सीमा शिथिल की जा सकेगी ।
2. हिन्दी का ज्ञान आवश्यक है।
3. अभ्यर्थी का आवेदन-पत्र संलग्न प्रारूप पर संगत प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विलम्बतम 15 सितम्बर, 2017 तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग/निगम एवं फ्लाइंग क्लब में कार्यरत अभ्यर्थी अपने सेवायोजक का अनापत्ति प्रमाण-पत्र संलग्न करेंगे।
5. अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने के लिए यात्रा आदि पर व्यय स्वयं वहन करना होगा ।
6. अभ्यर्थियों का चरित्र, स्वास्थ्य एवं वैवाहिक प्रास्थिति, सरकारी सेवा हेतु उपयुक्त होने चाहिये ।
7. रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है और सम्भावित रिक्तियों के लिए अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची भी बनायी जायेगी।

देवेन्द्र स्वरूप
निदेशक